प्रेस नोट संख्या- 38
दिनांक 20.04.2025
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस
थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, चोरी की 01 मोटरसाइकिल व चोरी करने के उपकरण बरामद।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.04.2025 को निरीक्षक शिवाश्रय राम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी मय हमराह तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे कि भटगवां- भीटा नहर के पास पुलिस टीम को देख मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से तीनों व्यक्तियों को मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पेलण्डर यूपी 44 एएल 3951 के साथ घेरकर पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर अपना- अपना नाम क्रमशः 1. समीर पुत्र इम्तियाज 2. सत्यम कश्यप पुत्र राम कृपाल 3. शुभम पुत्र लक्ष्मीनारायण प्रजापति निवासीगण गबड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर बताया।

तलाशी से अभियुक्त समीर के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पेलण्डर यूपी 44 एएल 3951 के कागज मांगने पर दिखा न सके तथा बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की है। मोटरसाइकिल की डिग्गी चेक करने पर चोरी करने का उपकरण 01 अदद लोहे की सरिया, 01 अदद जंजीर एवं 02 अदद प्लायर बरामद हुये। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनों लोग इसी बरामद तमंचे से राहगीरों को दिखाकर भय उत्पन्न कर रुपया, मोबाइल आदि छीन लेते है तथा देर रात होने पर सड़क के किनारे दुकानों व घरों का ताला तोड़कर सामान चोरी कर आपस में बांट लेते है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को भटगवां-भीटा नहर के पास से समय करीब 11.45 बजे रात में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. समीर पुत्र इम्तियाज निवासी गबड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।
2. सत्यम कश्यप पुत्र राम कृपाल निवासी गबड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।
3. शुभम पुत्र लक्ष्मीनारायण प्रजापति निवासी गबड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।

बरामदगी-

1. चोरी की 01 अदद हीरो सुपर स्पेलण्डर नं0 यूपी 44 एएल 3951।
2. 01 अदद तमंचा 315 बोर।
3. चोरी करने के उपकरण (01 अदद लोहे की सरिया, 01 अदद जंजीर एवं 02 अदद प्लायर्स)।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 132/25 धारा 313,338,336(3),340(2),317(2),318(4),3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. निरीक्षक शिवाश्रय राम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 बी0एल0 रावत थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. का0 अनुज सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 प्रशांत अग्निहोत्री थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 अमित प्रताप सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

अभियुक्त सत्यम का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 624/24 धारा 137(2),64,87 बीएनएस , 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर।